NT>

Title: Need to fix the minimum support price of paddy in Balaghat District, Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के धान उत्पादक किसान आज अपनी फसल को जलाने के लिए मजबूर हैं, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान उनकी तरफ आकृट करना चाहता हूं। बालाघाट धान उत्पादक जिला है और मैं मध्य प्रदेश के धान उत्पादन किसानों की बात सदन में रखना चाहता हूं। आज पूरे जबलपुर संभाग में किसान अपनी धान की फसल को जला रहे हैं। उसका मूल कारण यह है कि एफ.सी.आई. ने जिस प्रकार से ग्रेडेशन तैयार किया है और मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने मार्केटिंग फैडरेशन को धान खरीदने का जिम्मा दे दिया। पिछले वर्षों में सोसायटीज के माध्यम से धान की खरीददारी शुरू होती थी। लेकिन राज्य सरकारों ने उनकी संख्या एक-तिहाई कर दी और एफ.ए.क्यू. के मापदंड कड़े कर दिये और दो महीने के बाद धान की खरीद शुरू हुई। इसके परिणामस्वरूप किसानों ने जाकर अपना माल व्यापारियों के सामने बेच दिया। मध्य प्रदेश के सामने जो पिछला स्कैंडल है कि किसानों का धान व्यापारियों ने खरीदा और बाद में उसी को लेवी के रूप में दिया। इससे साफ मालूम हुआ कि ऐसे लोग जिन्होंने मिलिंग की, उन्होंने उसी सस्ते धान का मिलिंग करके फिर से सरकार को दे दिया। जिन चावल मिलों की एक यूनिट बिजली भी नहीं जली, उन्होंने हजारों क्विंटल धान मिलिंग करना बताया। ऐसे प्रमाण होने के बावजूद भी उन व्यापारियों पर कार्रवाई नहीं हुई और आज भी धान के खरीद केन्द्र बंद हैं। मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस मामले में केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करे और स्कैंडल की जांच करे। हर बार लगातार यही धंधा चलता है। केन्द्र सरकार जो सब्सिडी दे रही है उसकी तारीख 31 दिसम्बर है, यह तारीख बढ़ाई जानी चाहिए, अन्यथा सारे किसान लुटेंगे। आज किसान अपना धान जला रहे हैं, कल वे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होंगे।

अध्यक्ष महोदय, जहां तक बर्बरता का सवाल है, मध्य प्रदेश में अभी विद्युत मंडल में प्रदर्शन हुआ, उसमें ऐसा भयानक लाठी चार्ज हुआ कि सैकड़ों लोग उसमें घायल हुए हैं। यह सब तरफ किसानों पर होने वाला अन्याय है और मध्य प्रदेश सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। मैं चाहता हूं कि केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे।

13.12 hours

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassembled after lunch at Five Minutes past

Fourteen of the Clock

(MR. DEPUTY SPEAKER in the Chair)